भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2300
(जिसका उत्तर मंगलवार, 21 मार्च, 2023/30 फाल्गुन, 1944 (शक) को दिया जाना है)

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि

2300# श्री राम नाथ ठाकुर:
क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतीय रिज़र्व ने गत सितंबर, 2022 से अब तक कितनी बार ब्याज दरों में वृद्धि की है; और
(ख) क्या ब्याज दरों में वृद्धि के कारण नागरिकों पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव का कोई अध्ययन कराया गया है?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा सितंबर 2022 से रेपो दर में वृद्धि के रुझान नीचे तालिका में दिए गए हैं:-

तारीख	**रेपो दर में वृद्धि की राशि**	**रेपो दर**
30 सितंबर, 2022	50 आधार बिंदु	5.9 प्रतिशत
7 दिसंबर, 2022	35 आधार बिंदु	6.25 प्रतिशत
8 फरवरी, 2023	25 आधार बिंदु	6.5 प्रतिशत

नोट: बीपीएस का अर्थ आधार बिंदु है

(ख): इस संबंध में कोई विशिष्ट अध्ययन नहीं किया गया है। मौद्रिक नीति का प्राथमिक उद्देश्य विकास के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मूल्य स्थिरता बनाए रखना है। आरबीआई अधिनियम के तहत गठित मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी), मुद्रास्फीति लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक रेपो दर निर्धारित करती है। मुद्रास्फीति का लक्ष्य 4 प्रतिशत निर्धारित किया गया है और इसमें करीब 2 प्रतिशत की कमी/वृद्धि हो सकती है। एमपीसी ने 8 फरवरी, 2023 के अपने संकल्प में यह सुनिश्चित करने के लिए समझौते की वापसी पर ध्यान केंद्रित करने का निर्णय लिया कि मुद्रास्फीति को निर्धारित सीमा के भीतर रखने के साथ-साथ विकास की गति बनी रहे।

*****